1.1 प्रस्तावना(Introduction):-

किशोरावस्था शब्द अंग्रेजी भाषा के Adolescence शब्द का हिंदी पर्यायवाची है। Adolescence शब्द का उद्भव लैटिन भाषा से माना गया है जिसका सामान्य अर्थ है विकसित होना। किशोरावस्था 13 साल से प्रारंभ होकर 19 साल कीउम्र तक चलती है **(शर्मा एवं हूडा 2007)।** मनोवैज्ञानिक ने किशोरावस्था को 'आँधी और तूफान'कीअवस्था कीसंज्ञा दी है **(गुप्ता, 2011)**। इस अवस्था में किशोरों द्वारा वे सभी संवेग दिखाऐ जाते है जो प्रारंभिक बाल्यावस्था में बालकों द्वारा दिखाऐ जाते है। दूसरे शब्दों में, किशोरों द्वारा क्रोध, डर, चिन्ता, उत्सुकता, जलन, हर्ष, दुःख तथा अनुराग दिखाऐ जाते है**(मंगल, 2011)।** इस अवस्था में किशोरों में सबसे अधिक क्रोध उस परिस्थिति में आता है। जब कोई भी व्यक्ति किशोरोंकी आलोचना करते है तब वे गुस्सा करने के लिए मजबूर हो जातें है। किशोरों में उन व्यक्तियों से अधिक इर्ष्या तथा जलन होती है जिनके पास उनकी तुलना में अधिक आरामकीचीजें हैं। शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व का सर्वांगींण विकास माना जाता है औरउसकी उत्पत्ति बचपन में ही बालकों पर करानीचाहिए**(माथुर, 2010)**। कहा जाता है कि सुसंस्कृत मानवबनाना है तो अच्छे सुसंस्कार विद्यार्थियों पर डालने चाहियें। बालकों को सही दिशा में ले जाकर आदर्श नागरिक, सुसंस्कृत मानव, हम तैयार कर सकते है। शिक्षाकि दूसरी व्याख्या के संबंध में हम कहतेहै कि, शारीरिक, मानसिक, भावात्मक, आध्यात्मिक विकास ही शिक्षा है। व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में शारीरिक विकास द्वारा मानसिक विकास करना महत्वपूर्ण होता है। शारीरिक व मानसिक विकास का परिणाम व्यक्तियों के व्यक्तित्व विकास पर पड़ता है। किशोरावस्था के विद्यार्थियोंकीसमस्या से संबंधित इस अवस्था में योग्य पारिवारिक व सामाजिक पर्यावरण उपलब्ध करके उनको सुयोग्य मार्गदर्शन करना, योग्य दिशा दिखाना, एक परिपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना यह उनके अभिभावकों, समाज औरशिक्षककीजिम्मेदारी औरउनके कर्तव्य होते है **(सिंह, 2010)।**

किशोरावस्था मनुष्य के जीवन का बसंतकाल माना गया है। यह काल तेरहँ से उन्नीस वर्ष तक रहता है, परंतु किसी-किसी व्यक्ति में यह बाईस वर्ष तक चला जाता है। यह काल भी सभी प्रकारकि मानसिक शक्तियों के विकास का समय है। भावों के विकास के साथ-साथ बालककीकल्पना का विकास होता है। उसमें सभी प्रकार के सौंदर्यकीरुचि उत्पन्न होती है और बालक इसी समय नए-नए और ऊँचे-ऊँचे आदर्शों को अपनाता है। बालक भविष्य में जो कुछ होता है, उसकी पूरी रूपरेखा उसकी किशोरावस्था में बन जाती है। जिस बालक ने धन कमाने का स्वप्न देखा, वह अपने जीवन में धन कमाने में लगता है। इसी प्रकार जिस बालक के मन में कविता और कला के प्रति लगन हो जाती है, वह इन्हीं में महानता प्राप्त करनेकीचेष्टा करता और इनमें सफलता प्राप्त करना ही वह

जीवनकीसफलता मानता है। जो बालक किशोरावस्था में समाज सुधारक और नेतागिरी के स्वप्न देखते हैं, वे आगे चलकर इन बातों में आगे बढ़ते है।

पश्चिम में किशोरावस्था का विशेष अध्ययन कई मनोवैज्ञानिकों ने किया है। किशोर अवस्था काम भावना के विकासकीअवस्था है। कामवासना के कारण ही बालक अपने में नवशक्ति का अनुभव करता है। वह सौंदर्य का उपासक तथा महानता का पुजारी बनता है। उसी से उसे बहादुरी के काम करनेकीप्रेरणा मिलती है।

किशोरावस्था शारीरिक परिपक्वताकीअवस्था है। इस अवस्था में बच्चेकीहड्डियों में दृढ़ता आती है; काफी भूख लगती है। कामुकताकीअनुभूति बालक को13 वर्ष से ही होने लगती है। इसका कारण उसके शरीर में स्थित ग्रंथियों का स्राव होता है। अतएव बहुत से किशोर बालक अनेक प्रकारकीकामुक क्रियाएँ अनायास ही करने लगते हैं। जब पहले पहल बड़े लोगों को इसकी जानकारी होती है तो वे चौंक से जाते हैं। आधुनिक मनोविश्लेषण विज्ञान ने बालककीकिशोर अवस्थाकीकामचेष्टा को स्वाभाविक बताकर, अभिभावकों के अकारण भय का निराकरण किया है। ये चेष्टाऐ बालक के शारीरिक विकास के सहज परिणाम हैं। किशोरावस्थाकीस्वार्थपरता कभी-कभी प्रौढ़ अवस्था तक बनी रह जाती है। किशोरावस्था का विकास होते समय किशोर को अपने ही समान लिंग के बालक से विशेष प्रेम होता है। यह जब अधिक प्रबल होता है, तो समलिंगी कामक्रियाएँ भी होने लगती हैं। बालककीसमलिंगी कामक्रियाएँ सामाजिक भावना के प्रतिकूल होती हैं, इसलिए वह आत्मग्लानि का अनुभव करता है। अत: वह समाज के सामने निर्भीक होकर नहीं आता। समलिंगी प्रेम के दमन के कारण मानसिक ग्रंथि मनुष्य में पैरानोइया नामक पागलपन उत्पन्न करती है। इस पागलपन में मनुष्य एक और अपने आपको अत्यंत महान व्यक्ति मानने लगता है औरदूसरी औरअपने ही साथियों को शत्रु रूप में देखने लगता है। ऐसी ग्रंथियाँ हिटलर और उसके साथियों में थीं, जिसके कारण वे दूसरे राष्ट्रोंकीउन्नति नहीं देख सकते थे। इसी के परिणामस्वरूप द्वितीय विश्वयुद्ध छिड़ा।

किशोर बालक उपर्युक्त मन:स्थितियों को पार करके, विषमलिंगी प्रेम अपने में विकसित करता है और फिर प्रौढ़अवस्था आने पर एक विषमलिंगी व्यक्ति को अपना प्रेमकेंद्र बना लेता है, जिसके साथ वह अपना जीवन व्यतीत करता है।कामवासना के विकास के साथ-साथ मनुष्य के भावों का विकास भी होता है। किशोर बालक के भावोद्वेग बहुत तीव्र होते हैं। वह अपने प्रेम अथवा श्रद्धाकीवस्तु के लिए सभी कुछ त्याग करने को तैयार हो जाता है। इस काल में किशोर बालकों को कला और कविता में लगाना लाभप्रद होता है। ये काम बालक को समाजोपयोगी बनाते हैं।

किशोर बालक सदा असाधारण कार्य करना चाहता है। वह दूसरों का ध्यान अपनी और आकर्षित करना चाहता है। जब तक वह इस कार्य में सफल होता है, अपने जीवन को सार्थक मानता है और जब इसमें वह असफल हो जाता है तो वह अपने जीवन को नीरस एवं अर्थहीन मानने लगता है। किशोर बालक में डींग मारने कीप्रवृत्ति भी अत्यधिक होती है। वह सदा नए-नए प्रयोग करना चाहता है। इसके लिए दूर-दूर तक घूमने में उसकी बड़ी रुचि रहती है।किशोर बालक का बौद्धिक विकास पर्याप्त रूपसे होता है। उसकी चिंतन शक्ति अच्छी होती है। इसके कारण उसे पर्याप्त बौद्धिक कार्य देना आवश्यक होता है। किशोर बालक में अभिनय करने, भाषण देने तथा लेख लिखनेकीसहज रुचि होती है। अतएव कुशल शिक्षक इन साधनों द्वारा किशोर का बौद्धिक विकास करते हैं।किशोर बालककीसामाजिक भावना प्रबल होती है। वह समाज में सम्मानित रहकर ही जीना चाहता है। वह अपने अभिभावकों से भी सम्मानकीआशा करता है। उसके साथ 10-12 वर्ष के बालकों जैसा व्यवहार करने से, उसमें द्वेषकि मानसिक ग्रंथियाँ उत्पन्न हो जाती हैं, जिससे उसकी शक्ति दुर्बल हो जाती है और अनेक प्रकार के मानसिक रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

बालक का जीवन दो नियमों के अनुसार विकसित होता है, एक सहज परिपक्वता का नियम औरदूसरा सीखने का नियम। बालक के समुचित विकास के लिए, हमें उसे जल्दी-जल्दी नहीं सिखाना चाहिए। सीखने का कार्य अच्छा तभी होता है जब वह सहज रूप से होता है। बालक जब सहज रूप से अपनी सभी मानसिक अवस्थाएँ पार करता है तभी वह स्वस्थ और योग्य नागरिक बनता है। कोई भी व्यक्ति न तो एकाएक बुद्धिमान होता है और न परोपकारी बनता है। उसकी बुद्धि अनुभवकीवृद्धि के साथ विकसित होती है और उसमें परोपकार, दयालुता तथा बहादुरी के गुण धीरे-धीरे ही आते हैं। उसकी इच्छाओं का विकास क्रमिक होता है। पहले उसकी न्यून कोटिकीइच्छाएँ जागृत होती हैं औरजब इनकी समुचित रूप से तृप्ति होती है। तभी उच्च कोटिकीइच्छाओं का आविर्भाव होता है। यह मानसिक परिपक्वता के नियम के अनुसार है। ऐसे ही व्यक्ति के चरित्र में स्थायी सदगुणों का विकास होता है और ऐसा ही व्यक्ति अपने कार्यों से समाज को स्थायी लाभ पहुँचाता है|

यह अवस्था बालक के संवेगों की अवस्था के नाम से भी जानी जाती है। यह अवस्था 13-19 वर्षकीआयु में बालक में विद्यमान रहती है। इस अवस्था में विभिन्न प्रकारकी भावनाओं का विकास होता है। इस अवस्था में छात्रों मे अनेक संवेगों एवं भावनाओं का विकास होता है। वे अपने अंदर इस समय अनेक प्रकार के परिवर्तनोंकीअनुभूतिकरते है। यह सभी परिवर्तन उनकी मौलिकता से प्रभावित होते है। विभिन्न प्रकार के सामान्य परिवर्तनों को इस समय वे अपने वाह्य एवं आंतरिक शरीर में उत्पन्न होता देखते है तथा उन्ही के अनुरूप उनका सर्वांगीण विकास भी होता है। इस समय बालकों

में कामेच्छा, भावना, चरित्र गुण आदि जैसे- विशेषत: गुणों का समिश्रण उत्पन्न होता है जिनका उपयोग करके वे अपने जीवन को उन्नतिकीऔर अग्रेसित करते है। यह देखा जाता है की किसी व्यक्तिकीबुध्दि कुशाग्र तथा किसीकीमंद होती है। उनकी बुध्दि कुशाग्र एवं मंद होने के पीछे उनकें संवेगों को प्रथम कारण माना जाता है। बौद्धिक विकास व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के सूचक रूप में माना जाता है। जिस व्यक्ति में बौद्धिक रूप से विकास नही होता है वह कभी भी अपना अन्य विकास भी नही कर सकता। किशोरावस्था को विकासकीचरम सीमा से भी नवाजा जाता है। यह व्यक्ति के चतुर्मुखी विकासकीसीमा होती है। व्यक्ति इस अवस्था में आकर विकास क्रम को चारों औरसे करता है। इस समय उसमे किशोर-कालीन सभी गुणों का समिश्रण दिखाई देता है। इस प्रकार किशोरावस्था भी बालक के विकासकीएक महत्वपूर्ण प्रक्रिया मानी जाती है**(शर्मा एवं हूडा 2007)**।

1.2 कुसमायोजन:-

कुसमायोजन का अर्थ होता है जब बालक वातावरण से सामजस्य स्थापित करने में असमर्थ होना है। जिस समय व्यक्ति अपने जीवन में उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं का समाधान करने `में स्वयं को असमर्थ महसूस करता है, उस स्थिति को कुसमायोजन कहा जाता है**(शर्मा एवं हूडा 2007)**।

1.2.1 कुसमायोजन के कारण:-

कुसमायोजन बालककी वह स्थिति मानी जाती है, जब वह समाज के साथ तथा अपने वातावरण के साथ स्वयं का सामजस्य स्थापित नही कर पाता। औरयही उसकी असामजस्यकीस्थिति होती है जिसके कारण उसका सर्वांगीण विकास नही किया जा सकता। वह अपने विकास में अनेक बाधाओं को अपने समक्ष उपस्थित होता हुआ देखता है। कुसमायोजन के कारण निम्नलिखित है -

i. **इच्छा आवश्यकता पूर्ति न होना-** व्यक्ति में कुसमायोजनकीभावना उस समय उत्पन्न होती है जब उसकी किसी इच्छा तथा भावनाकीपूर्ति नही हो पाती। जिसके कारण उसके मन में विशेष प्रकार की सांवेगिक भावना उत्पन्न होती है और वह अपने को आत्महीन समझना सुरु कर देता है।
ii. **व्यक्तिकीपरिवारिक सुरक्षा-** अपने परिवार से सर्वप्रथम सहानुभूतिकीमांग,अधिक सुरक्षाकीमांग, प्यारकीमांग, सुरक्षाकीमांग आदिकीजाती है। वह इन सभी मांगो के आधार पर अपने जीवन को उन्नत बनाने का प्रयास करता है। यदि उसे इन सभी मांगोकीपूर्ति में किसी

बाधा उत्पन्न होती हुई दिखाई देती है तो वे कुसमायोजन की भावना से पूर्ण रूप से ग्रसित हो जाता है। उसके मन में तनाव उत्पन्न होने लगते है औरवह असामान्य व्यवहार करने लगता है।

iii. **व्यक्ति में विभिन्न प्रकार-** के संवेगों का उत्पन्न होना स्वाभाविक रूप से पाया जाता है। वह संवेगों के कारण ही अपना विकास तथा पतन करता है यही संवेगकीभावना उसे उदार एवं क्रोधी बनाने का कार्य करती है। व्यक्ति में अनेक प्रकार के संवेगोंकीपुष्टि होती है, जैसे- क्रोध भावना, भय भावना, अशांति, शांति, असंतुष्टि, संतूष्टि प्यार, कामेच्छा, प्रेम, दया, सहानुभूति, नैतिक, सामाजिक, धार्मिक प्रवृत्तिया आदि।

iv. **शारीरिक एवं मानसिक कमजोरियाँ-**व्यक्ति में अपनेप्रति भी असमंजस्यकीस्थिति उत्पन्न हो जाती है प्रत्येक व्यक्ति में यह भावना विद्यमान होती है की वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्ण हो। उसके शरीर में तथा मस्तिष्क में तथा किसी प्रकार का तनाव न हो और वह अपने जीवन का पूर्ण आनंद प्राप्त करने में समर्थ रहे। व्यक्तिकीयह भावना स्वाभाविक मानी जाती है। परन्तु ऐसा संभव नहीं हो सकता। व्यक्ति को समय-समय पर अनेक समस्याएँ और शारीरिक दु:ख-दर्द से घेरे रहते है। इनसे समायोजन न बिठाने के कारण भी व्यक्ति को कुसमायोजनकीस्थिति का सामना करना पड़ता है **(शर्मा एवं हूडा2007)।**

1.3 समसामायिक समस्या:-

किशोरावस्था कठिन समय तथा अनेक परिवर्तनों का भी समय माना जाता है| इस अवस्था कु-समायोजन से छात्रों में भग्नाशा, नैराश्यता दिखाई देती है| यह उनके सामने आने वाली सांवेगिक समस्या के साथ समायोजित न कर पानेकीवजह से होती है| जिनके कारण आत्महत्या तक करनेकीकोशिश करते है| किशोरावस्था में आनेवाली समस्याएँ कई प्रकार के हो सकती है| आज कल के प्रतिस्पर्धात्मक तकनीकि वातावरण के कारण किशोरों के पारंपरिक समस्याओं के अलावा कई नई समस्याएँ पैदा हो रही है, जो किशोरों में तनाव पैदा कर रही है**(भारद्वाज, विनय, इंडियन एक्सप्रेस-21अप्रेल2017)**जैसे -

1.3.1 भग्नाशा या कुण्ठा:-

भग्नाशा या कुण्ठाकीभावना से अभिप्राय व्यक्ति में व्याप्त उस भावना से है जिस समय वह किसी अपेक्षाकृत परिणामों को प्राप्त करने में असफलता प्राप्त करता है| व्यक्ति में व्याप्त किसी विषय के संबंधमें प्राप्तकीजाने वाली सफलताकीआशा उसमे नविन चेतना का प्रादुर्भाव उत्पन्न करने का कार्य करती है| परन्तु यदि वह अपने द्वारा निर्धारित करने वाले लक्ष्योंकीप्राप्ति में किसी भी

प्रकारकीअसफलता प्राप्त करता है तो उसमें इस समय भग्नाशाकीभावना उत्पन्न होती है| इस भावना का प्रादुर्भाव व्यक्तिकीअसफलताकीभावना के कारण होता है| व्यक्ति जिस समय किसी कार्य विशेष में असफलता प्राप्त करता है उस समय उसे ऐसी भावना का सामना करना पड़ता है **(शर्मा एवं हूडा, शिक्षा कोश, पृष्ठ 327, के.एस.के.पब्लिशर्स एवं डिस्ट्रिब्यूटर्स,दिल्ली, 2007)|**

1.4अकादमिक तनाव:-

छात्रों में भग्नाशा निर्माण का एक प्रमुख कारण इस अवस्था में अभिभावकों तथा मित्रों में यह अपेक्षा रहती हैकीछात्र जो करता है उसमे सर्वोत्कृष्ट करे। उन्ही कारण से अभिभावकों का लक्ष्य छात्रवृत्ति, पुरस्कार, आदि में रहती है जिसके वजह से छात्रों का तनाव विभिन्न कक्षाओं श्रेणी, परीक्षाओं के द्वारा और अधिक होता है|अकादमिक तनाव को आमतौर पर परीक्षाओं या निरंतर आकलन के माध्यम से मापा जाता है, लेकिन इस पर कोई सामान्य सहमति नहीं है की यह किस प्रकार सबसे अच्छा मूल्यांकन है या कौन से पह्लुओं को सबसे अधिक महत्वपूर्ण है- प्रक्रियात्मक ज्ञान जैसे की कौशल या घोषणात्मक ज्ञान।

I. बच्चों पर पढ़ाई का अत्यधिक दबाव (Academic Stress):-

यदि हम प्राचीन समय में देखें तो पता चलेगाकीउस दौर में शिक्षा प्रणाली सरल थी। प्राचीन समय में इसके तनावपूर्ण होने का भी कोई संकेत नही मिलता है।लेकिन अबभारत में शिक्षा प्रणाली बदल गयी है और आज के दौर में पढाई तनावपूर्ण हो चुकी है। अब भारत में शिक्षा चुनौतीपूर्ण, प्रतिस्पर्धात्मक हो चुकी है और परिणाम को ज्यादा महत्व दिया जाता है। बच्चोंकीयोग्यता का मूल्यांकन शैक्षिक प्रदर्शन पर किया जाता है इसकी वजह से पढ़ाई को लेकर आनंद अब जुनून में बदल चुका है। छात्रों पर अच्छा प्रदर्शन और टॉप करने के लिए दबाव बना रहता है, कई बार ये दबाव परिवार,भाई-बहन औरसमाज के कारण होता है।

1.4.1 तनाव के कारण:-

तनाव का सामना करने के लिए छह तरीके-

I. नकारात्मक विचार / स्थितियों से दूरी- तनावपूर्ण स्थिति को हमेशा के लिए नहीं रोका जा सकता। यह हमारे जीवन का एक हिस्सा है। "इससे बचने" का मतलब है कीनकारात्मक विचार / स्थितियों या लोगों से कुछ समय के लिए थोड़ी दूरी बनाना।

II. गतिविधि- कोई भी गतिविधि जो आपको पसंद है और जिसमे आप खुश रहते हैं उसमें व्यस्त रहें। इस प्रकार आप उन विचारों से दूर रहेंगे जो आपको परेशान करते हैं। यह संगीत, खेल, फिल्म, योग, नृत्य औरव्यायाम हो सकता है।

III.विश्लेषण करें- अपने कमजोर और मजबूत हिस्से पर ध्यान दें। यदि आप अपनी कमजोरियों को जानते हैं तो उनपर काबू पाने कीकोशिश करें। यदि उन पर काबू नहीं पा रहे हैं, तो अब उसपर काम करना शुरू करें।

IV. स्वीकार करें- "तनाव" सबको होता है ये सामान्य औरअनिवार्य है। कुछ खास वजह जैसे किसी विषय, लोग, स्थिति औरबीमारी में तनाव होता है। आप इसे बदल नहीं सकते। लेकिन उस स्थिति को जिस तरह से वो है उसी रूप में स्वीकार करें और आगे बढ़ें।

V. प्रयास- आप एक ही दिन में सभी तनाव को संभालने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। हमेशा ये कहावत याद रखें "प्रयास करें औरअसफल हो लेकिन प्रयास न करने में असफल कतई न हों"।

VI. नज़रिया- हर तनावपूर्ण स्थिति को सकारात्मक रूप से देखें और उसे एक अवसर समझें। खुद के लिए उचित मानक तय करें। धीरे-धीरे प्रगति करें। खुद को बधाई दें जब आप सफलतापूर्वक किसी भी तनावपूर्ण स्थिति को संभाल लें। यह आपके आत्मविश्वास को बढ़ावा देने और आगे इस तरहकीपरिस्थितियों का सामना करने के लिए आपको मजबूती देगा।

डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम के अनुसार-*"यह मेरा विश्वास है कि जब आपकआशाएं, सपने और लक्ष्य धराशायी हो रहे हो तो उसमे कठिनाइयों और समस्याओं के माध्यम से भगवान हमें विकास करने का अवसर देते है।"*

1.5 सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव:-

वर्तमान में मोबाइल फोन औरइंटरनेट ने हमारे जीने के तरीके को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। हम चारों तरफ से मोबाइल औरइंटरनेट से घिरे हुए है। सोशल नटवर्किंग साइटस ने तो जैसे- हमको पूरी तरह काबू में कर लिया है। मोबाइल फोन फेसबुक और इंटरनेट पर हमारी एक अलग ही दुनिया है। यह एक ऐसे लोगोंकि दुनिया जिन्हे हम ठीक से जानते भी नहीं है। सोशल मीडियाकीवर्चूअल दुनिया में किसी भी कोने में रहने वाला व्यक्ति हमारा दोस्त बन जाता है। हमारे पास इतना भी वक्त नहीं होता की हम अपने आस-पास रहने वाले लोगों का सुख-दुख बांट सके। खासकर युवा वर्ग के छात्र-छात्राएं 24 घंटे मे से 16-16 घंटे इन सोशल साइट्स पर आँनलाइन रहते है।

आज कल सोशल मीडिया किशोरों में तनाव पैदा करने वाला प्रमुख साधन बन चुका है| किशोरों द्वारा सोशल मीडिया में पोस्टकीगई चित्र, कार्य के प्रति प्रतिक्रिया एवं पसन्दकी संख्या उनके तनाव का कारण बनाता है| सोशल मीडिया के द्वारा किशोर स्वत: के प्रति सामाजिक ग्राह्यता को प्राप्त करने का प्रयत्न करता है जिसके अभाव से वह तनाव ग्रस्त होता है **(भारद्वाज, 2017)|**

सोशल मीडिया के प्रभावजिस तरह हर चीज के दो पहलू होते है एक सकारात्मक और एक नकारात्मक ठीक उसी तरह सोशल मीडिया दोनों तरह से हमारे युवा वर्ग को प्रभावित कर रहा है। **1.5.1 सकारात्मकप्रभाव-** सकारात्मक पहलुओं को हम इस रूप मे देख सकते है-

1- इससे हर तरहकीसूचना हमें मिलती है।
2- हर तरह का सामाजिक मुद्दा इसके जरिए उठाया जा सकता है।
3- सामाजिक समस्याओं को सुलझाने में सोशल मीडिया ने काफी मददकी है।
4- युवा वर्ग अपनी आवाज को लाखों लोगों तक सोशल मीडिया के जरिए पहुंचा सकता है।

1.5.2 नकारात्मकप्रभाव-नकारात्मकपहलुओं को हम इस रूप मे देख सकते है-

1- बहुत सी अफवाये इन साइट्स के द्वारा फैलती है।
2- युवा वर्ग लगातार इनके प्रयोग से डिप्रेशन का शिकार हो रहा है।
3- हमारी दिनचर्या के बहुत से काम इसकी वजहकीवैबसाइट पर व्यस्त रहने से अधूरे रह जाते है।
4- इससे न जाने कितने ही युवा गलत आदतों के शिकार हो जाते है।
5- इससे साइबर क्राइम को भी बढावा मिल रहा है।

1.5.3 हरियाणा मे सोशल मीडिया का दौर-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जब से डिजिटल इंडियाकीमुहीम चलायी है तबसे भारत मे सोशल मीडिया नें एक नयी गति पकड़ ली है। देश के हर कोने में इन्टरनेट के पहुँचने होने से देश का हर दूसरा व्यक्ति सोशल मीडिया तक अपनी पहुंच बना रहा है। फेसबुक ट्विटर व्हाट्सप का प्रयोग दिनोंदिन बढ़ रहा है। यहाँ तककीरेलवे में भी ट्विटर जैसी सोशल साइट्स के जरिए सहायता दी जाने लगी है। जहां देश में सोशल मीडिया ने अपना प्रभाव दिखाया है। वहीं हरियाणा भी इस सोशल मीडिया से अछूता नही रहा है।21 जिलों वाले इस राज्य का प्रत्येक जिला सोशल मीडिया से जुड़ा है। सरकार द्वारा चलाई जा रही हर योजना सोशल मीडिया के द्वारा लोगों तक पहुंच रही है। हरियाणा से जुडे कुछ ऐसे मुददे् जिनको बिना सोशल

मीडियाकीसहायता के बिना उठाया भी नही जा सकता था। हरियाणा के जिले रोहतक का निर्भया कांड जिसमे इंसानियतकीसारी हदे पार कर दी गई थी उसे सोशल मीडिया के जरिये उठाया गया और पीडिता को न्याय भीदिलाया गया।हाल ही में हरियाणा के विभिन्न जिलों मे उठी जाट आरक्षणकीमांग को सोशल मीडिया के कारण बहुत बढावा मिला जिसके चलते सरकार को प्रभावित जिलों में इंटरनेटकीसुविधा बंद करनी पड़ी। लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य मे सोशल मीडिया का अच्छा असर देखने को मिला।मोदी जी द्वारा हरियाणा के सोनीपत जिले से चलाए गए अभियान को सोशल मीडिया के द्वारा काफी बढ़ावा मिला। पूजनीय गौमाता की रक्षा के लिए हरियाणा में सोशल मीडिया के कारण बढावा मिला।

1.6 किशोरावस्था कीसमस्यायें:-

1.6.1 सामाजिक समस्या-आज सामाजिक समस्याओं को किशोरावस्था का ही एक भाग माना जाता है। 'सामाजिक समस्या' शब्द उसी 'विषय' के लिए उपयोग किया जाता है, किशोरावस्थाकीसमस्याओं का क्षेत्र बहुत व्यापक है, इसमे परिवार का समाजकीस्थिति, अपराध औरअपचार का समाजशास्त्र सामाजिक समस्या घटनाओं का समूह या दशा है, जिसे समाज कुछ लोग अवांछनीय मानते है। किशोरावस्था के एक वर्ग या समूह के समक्ष उत्पन्न स्थिति, जिसके हानिकारक परिणाम होते है और जिससे केवल सामूहिक प्रयासों से ही निपटा जा सकता है, को सामाजिक समस्या के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। समय के साथ-साथ सामाजिक समस्याएँ बढती रहती है। जो कुछ दशकों पहले सामाजिक समस्या नही मानी जाती थी, वह दो दशकों पश्चात एक कमजोर समस्या बनती जा रही है।

किशोरोकीसामाजिक समस्या विविध संबंधोकीवह समस्या है जो समाज को संकट में डालती है या कई किशोरोंकी आकांक्षाओं को प्राप्त करने में रुकावट पैदा करती है। सामाजिक समस्या उस समय उत्पन्न होती है जब हम किसी कठिनाई के प्रति चेतन हो जाते है और जब अभिरुचि और यथार्थता के बीच खाई आ जाती है।

1.6.2आर्थिक समस्या-परिवारकीआर्थिक स्थिति अच्छी न होने से भी छात्र में असमायोजनकीस्थिति उत्पन्न होने का भय रहता है। वह अपने परिवारकी आर्थिक स्थिति के प्रति चिन्तित रहता है और उस स्थिति के साथ वह सामजस्य स्थापित करने में अपने को सक्षम नही समझता। यह स्थिति उसे मानसिक अस्वस्था प्रदान करती है। अत: विद्यालय में उसे नि:शुल्क शिक्षा

व्यवस्था प्रदान कीजानी चाहिए ताकि वह शिक्षा को अपने ऊपर बोझ न समझे**(शर्मा एवं हूडा, शिक्षा कोश, पृष्ठ 321, के.एस.के.पब्लिशर्स एवं डिस्ट्रिब्यूटर्स, दिल्ली, 2007)**।

1.6,3पारिवारिक समस्या-परिवार में व्यक्ति का जन्म होता है। वह परिवार के सदस्यों से मिल-जुल कर व्यवहारकीभावना सीखता है। परिवार ही उसके जीवन में उन्नतिकीप्रथम सीढ़ी माना जाता है। यदि व्यक्ति को परिवार से भिन्न कर दिया जाता है तो वह अपना विकास करने में असमर्थ रहता है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है। परिवार के सदस्य बालक को स्नेह प्यारकीभावना से ओत-प्रोत रखे। समय-समय पर आने वाली समस्याओं एवं मानसिक रूप से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का निराकरण करने के लिए पारिवारिक सदस्यों के द्वारा बालक को स्नेहपूर्ण शिक्षा प्रदानकीजानी चाहिए। इस प्रकार परिवार के सदस्यों के द्वारा कुसमायोजित बालक को सहायताकीजा सकती**(शर्मा एवं हूडा, शिक्षा कोश, पृष्ठ 320, के.एस.के.पब्लिशर्स एवं डिस्ट्रिब्यूटर्स, दिल्ली, 2007)**।

i. **पारिवारिक कलह-** आज के पारिस्थिति में माता-पिताओं में विवाह विच्छेद का विषयआम हो गया है, एवं एकत्रित परिवारकीसंकल्पना नष्ट हो चुकी हैं| जिससे दादा-दादी तथा अन्य परिवारजनों का प्रतिरोधनात्मक उपदेश किशोरों को प्राप्त नही हो पा रहा है| जिस परिवार में एक सदस्य दुसरे के साथ स्नेहपूर्वक पेश नही आता तथा परिवार के सदस्य एक-दुसरे का आदर नही करते है| ऐसे परिवार के बालकों का पिछड़ना स्वाभाविक माना जाता है **(शर्मा एवं हूडा, शिक्षा कोश, पृष्ठ 364,के,एस.के.डिस्ट्रिब्यूटर्स, दिल्ली, 2007)**|

II. **परिवार में स्थान**(position)**-**बालक का विकास इस बात पर निर्भर करता है की परिवार में उसकी स्थिति क्या है? प्राय: देखा गया है की पहला बालक अथवा अंतिम बालक विशेष लाड़प्यार से पाला जाता है। सीखनेकी इच्छा तक बात है, छोटे बच्चे अपने बढे भाई-बहिनोंकीअपेक्षा शीघ्र सीखते है**(मिश्र,दिवाकर,शिक्षा मनोविज्ञान,पृष्ठ 44,अपोलो प्रकाशन,जयपुर,2008)**।

1.6.4 शैक्षिक समस्या-आज के वर्तमान सामाजिक परिवेश में किशोर कुछ औरही विशेष समस्याओं का शिकार हो रहे हैं।उनमे एक प्रमुख है- बच्चों के जीवन में अकेलापन।किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य युवाओं को वास्तविक जीवन परिस्थितियों में सकारात्मक और उत्तरदायी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए सटीक, आयु उपयुक्त तथा सांस्कृतिक दृष्टि से संबंधित सूचना, स्वस्थ मनोवृत्ति तथा कौशल विकसित करने में सक्षम बनाकर उन्हें सशक्त

बनाना है।इसका उद्देश्य छात्रों और अध्यापकों के बीच उत्तरदायी व्यवहार से संबंधित विकास मामलों तथा जनसाधारण मुख्यत: अभिभावकों और समुदायों के बीच परोक्ष रूप से सकारात्मक मनोवृत्ति तथा जागरूकता विकसित करना है।

किशोरावस्था अर्थात उम्र का वह पड़ाव जहां किशोर मन पूरी तरह से परिपक्व नहीं होता।उम्र के इस पड़ाव में किशोर मन में उथल-पुथल चल रही होती है।किशोरावस्था शिक्षा विद्यार्थियों के किशोरावस्था के बारे में जानकारी प्रदान करनेकीआवश्यकता के सन्दर्भ में उभरी एक नवीन शिक्षा का नाम है। किशोरावस्था जो की बचपन और युवावस्था के बीच का परिवर्तन काल है।कुछ कर गुजरने का जुनून किन्तु अनुभवकी कमी एवं उचित मार्गदर्शन का अभाव उन्हें सही राह से भटका सकता है।इस अवस्था में किशोर तन में हो रहे जैवीय (biological) शारीरिक परिवर्तन का सीधा-सीधा असर उसके किशोर मन पर पड़ता है।प्रश्नों का एक समंदर सा मन में उथल-पुथल मचा रहा होता है।किन्तु उचित मार्गदर्शक का अभाव किशोर मन कीप्रश्न रुपी उत्कंठा को शांत नहीं कर पाता।इस अवस्था में किशोर अपने आस-पास के दोस्त या जिन पर वह भरोसा करता है उनसे प्रश्नों के समाधानकीउम्मीद करता है।किन्तु उसे इस बात का ज्ञान नहीं होता की प्रश्नों के उत्तर या समाधान उसने प्राप्त किये हैं वे उसे सही दिशा में ले जाते हैं या नहीं।कई बार तो शंकावशकी दुनिया क्याकहेगीया फिर कोई क्या सोचेगा जैसे प्रश्नों में उलझकर अपनी उत्कंठाओं को दबाने पर विवश हो जाता है।

1.6.5व्यक्तिगत समस्या-अन्तरव्यक्तिगत आकर्षण के व्यक्तिमत्व कारक का अर्थ वे कारक या निर्धारक है, जो लक्ष्य व्यक्तिकी विशेषताओं से सम्बन्धित होते है। यदि किसी व्यक्ति को नौकरी चाहिए औरउसको पाने के लिए उसे दूसरो के साथ प्रतियोगिता में भाग लेना पड़ता है, तो यह केवल एक व्यक्तिगत समस्या है।मादक द्रव्यों का सेवन, मदपान, आतंकवाद, भ्रष्टाचार, गरीबी, बेरोजगारी, जनसंख्या विस्फोट, एड्स, असमानता, प्रदुषण, पर्यावरण, क्षरण, अपराध आदि मात्र व्यक्तिगत समस्याएँही नही है, जो एक व्यक्ति या एक समूह को प्रभावित करती है।

i. **दिवास्वप्न-** यह बालकों में विशेष रूप से किशोरावस्था में पाए जाते हैं| इन्हें बालककी तरंगमयी कल्पना कहकर भी सम्बोधित किया जाता है| यह उसके अपने द्वारा बनाया जाने वाला संसार भी कहा जाता है| इसमें केवल उसके ही व्यवहार एवं विचार चलते हैं| यह दिवास्वप्न असामान्य बालकों के व्यवहार का एक आवश्यक रूप माना जाता है**(शर्मा एवं हूडा. शिक्षा कोश, पृष्ठ 294, के.एस.के.पब्लिशर्स एवं डिस्ट्रिब्यूटर्स, दिल्ली, 2007)**|

ii. **स्वप्न देखने की प्रवृति-**कुसमायोजित बालक जिन परिस्थितियों को अपने सम्मुख सीधे प्रकार से उपस्थित नही होता देखता है वह उसे स्वप्न में उत्पन्न करनेकी कोशिश करता है| बालक में दिवास्वप्नोंकी भावना कुसमायोजन के कारण ही उत्पन्न होती है| वह स्थिति से सामजस्य स्थापित करने में अक्षमता प्राप्त करते है| कुसमायोजित बालक में अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने वाले स्वप्नों को देखनेकीप्रवृति विशेष रूप से पाई जाती है|

iii. **अन्तरव्यक्तिगत आकर्षण-**अन्तरव्यक्तिगत आकर्षण का तात्पर्य दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच होने वाले आकर्षण से है| आकर्षण का अर्थ दूसरे व्यक्ति के प्रति सकारात्मक मनोवृति है|आकर्षणकी व्याख्या करते हुए **चैपलिन (**Chaplin 1975**)** ने कहा है , "आकर्षण वह गुण है जो समान व्यवहार उत्पन्न करता है|" अर्थात आकर्षण का अर्थ साधारण: पसन्द स्नेह, मित्रता तथा प्रेम है|

iv. **व्यक्तित्व-शीलगुण-**अन्तरव्यक्तिगतआकर्षण का शारीरिक आकर्षकता भी अन्तरव्यक्तिगत आकर्षण का एक महत्वपूर्ण निर्धारक (determinant)है|इसे विकिरणकारी प्रभाव (radiating effect)कहते है| लिंग साथी (sex partnars)के चयन में शारीरक आकर्षण का महत्व विशेष रूप से देखा गया है| यह बात पुरुष तथा स्त्री दोनों के लिए साथ है (Shepperd & Strathman,1989)|

v. **शारीरिक आकर्षकता**(Physical attractiveness)-लक्ष्य व्यक्ति का शारीरिक आकर्षकता भी अन्तरव्यक्तिगत आकर्षण का एक महत्वपूर्ण निर्धारक (determinant)हैइसे विकिरणकणकारी प्रभाव भी (radiating effect)कहते है| लिंग-साथी (sex partners)के चयन में शारीरिक आकर्षण का महत्व विशेष रूप से देखा गया है| यह बात पुरुष तथा स्त्री दोनों के लिए सत्य है (Shepperd&Strathman,1989**)(सुलैमान 2005,पृष्ठ 398)|**

vi. **समीपता-**समीपता या निकटताकी स्थिति में एक व्यक्ति दूसरे व्यक्तिकी और आकर्षित होता है तथा उसे पसन्द करता है| यह एक वास्तविकता है कि हम अपने पड़ोस के लोगों को अधिक पसन्द करते है तथा उनकी और आकर्षित होते है| इस संबंध में किये गये अध्ययनों से किये गये इस विचार का समर्थन होता है|

vii. **आत्मविश्वास-** आत्मविश्वास व्यक्ति का एक आवश्यक गुण माना जाता है| आत्मविश्वासी व्यक्ति ही जीवन में उन्नति के शिखर को प्राप्त करता है| आत्मविश्वास का अर्थ व्यक्ति का- वह गुण है जो वह अपनी आत्मा के आधार पर अपने अन्दर विकसित करता है| आत्मविश्वासकी भावना व्यक्ति को बड़ेसे बड़ा कार्य करने के लिए प्रेरित करती है| आत्मविश्वास के आधार पर

ही व्यक्ति अपनी उन्नति के मार्गों में आने वाली विभिन्न समस्याओं को दूर करने का कार्य करता है| आत्मविश्वास व्यक्ति के चारित्रिक गुणों का एक विशेष लक्षण माना जाता है|

viii. **मित्र समूह समस्या-**किशोरावस्था वह समय में बालक चाहता हैकीउसको वह अच्छा लगता है उसका वह अनुकरण करे तथा उसमे उसकी स्वतंत्रता मिले| इस अवस्था में वे अपने मित्र परिसर में अधिक प्रसिद्ध एवं आदरकी भावनाकी अपेक्षा रखते है जिसके लिए वे विभिन्न शैली(style) वेशभूषा, रंग-ढंग को अपना रहे है जिसके विरोध करने से उनमें तनाव का लक्षण दिखाई देता है **(मंगल, 2011)**|

ix. **मित्रता तथा प्रेम(Frienship and love)-**अन्तरव्यक्तिगत आकर्षण(interpersonal attraction) के संबंधमें आनुभविक तथ्य(empirical facts) के साथ-साथ अपवादों(excepctions)की व्याख्या भी करने में सफल है| नजदीक रहने पर भी दो व्यक्तियों के बीच आकर्षण नही भी हो सकता है| दों व्यक्ति एक-दूसरे केबीचनिन्दक होने पर भी मित्र रह सकते है| आखिर ऐसा क्यों? विनिमय-सिद्धांत(exchange theory)इन समस्याओं का समाधान मित्रता-निर्माण के विश्लेषण(analysis)के माध्यम से करता है| मित्रता-निर्माण में प्रतिचयन तथा मूल्यांकन(sampling and estimation),समझौता(bragaining), समर्पण(commitment) तथा संस्थापनकीप्रक्रियाएँ(processes)शामिल होती है**(उच्चतर समाज मनोविज्ञान,सुलैमान,2007,पृष्ठ 410)|**

x. **प्रेम-संबंध-**"प्रेम हे सुंदर स्वप्न ही नहीं, प्रेम हे क्षणिक शरीर सुखही नहीं, प्रेम यह दों मनों का मिलन है, दो अपूर्ण व्यक्तियों को एक-दुसरे में घुल-मिल जानेकि जो क्षमता रहती है, उसीका नाम प्रीति है" **(धुर्वे, राजेश. *दोन शब्द*..)|**किशोरवस्था में यह आम बात हैकीविपरीत लिंग के प्रति आकर्षण अधिक होता है| आज के परिस्थिति में बढती तकनीकि सुविधा के कारण अधिक मात्रा में प्रेम विच्छेद एकतरफा आकर्षण आदि समस्यायें दिखाई देती है जो विशेष रूप से किशोरों में तनाव को बढ़ावा देता है|

जन्म लेते ही बालक अपने माता-पिता एवं अन्य सगे-सम्बन्धियों का प्रेम प्राप्त करता है| यह प्रेम वह दूसरों से प्राप्त करता है औरइसके बदले में दूसरों को प्रदान करता है, उसके जीवन के संवेगात्मक विकास में अत्यधिक महत्व रखता है| जैसे ही वह आयु में उन्नति करता है, वह विभिन्न वस्तुओं और व्यक्तियों के प्रति विभिन्न अंशो में स्नेह का अनुभव करता है|उसका प्रेम उन सब वर्ग के लोगो अथवा संस्थाओं जैसे-कुटुंब,पड़ोस,ग्राम,मुहल्ला,राष्ट,आदि से होने लगता है जिससे उसका सम्पर्क स्थापित होता है| व्यक्ति को अपने बच्चो के प्रति स्नेह जन्मजात तथा स्वाभाविक होता है|

प्रेमकी परिस्थिति में भी आकर्षण देखा जाता है| अधिक तीव्र प्रेमकी स्थिति में एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति कों पसन्द करता है तथा उसकी और आकर्षित होता है| कई अध्ययनों से संवेगात्मक अनुभूतियों के सामाजिक प्रसंग का महत्व प्रमाणित होता है (Gordon,1981;Schvert,1987)लेकिन,पसन्दगी तथा प्रेम केबीचसदा सकारात्मक संबंध (positive reiationship) नही होता है| कुछ परिस्थितियाँ ऐसी भी होती है, जहाँ हम किसी व्यक्ति के साथ तीव्र प्रेम नही भी होनें पर उसे पसन्द करते है और उसकी और आकर्षित होते है| इस प्रकार स्पष्ट हुआ की पसन्दगी (liking) तथा आकर्षण के उपयुक्त कई परिस्थितिजन्य निर्धारक या कारक है| लेकिन, इसके अतिरिक्त भी कई पारस्परिक क्रिया कारक (interactional factor)है, जिनका निश्चित प्रभाव अन्तरव्यक्तिगत आकर्षण पर पड़ता है**(उच्चतर समाज मनोविज्ञान, सुलैमान, 2007,पृष्ठ 401,402)|**

1.7 किशोरावस्था में समस्याओं के कारण:-

किशोरावस्था की अभिव्यक्ति विभिन्न रूपों में होती है, उनके मात्रा(degree), आवृत्ति**(frequency),** अवधि (duration)एवं (seriousness) में भी विभिन्नता पाई जाती है। इसके अनेक प्रकार हो सकते है। अन्य सामाजिक व्यवहारोंकी भांति किशोरावस्था के मूल में भी अनेक जटिलतायें है। अक्सर इसका स्वरुप अस्थाई(transitory)होता है। भावी किशोरावस्थाकीसमस्या को रोकने का सर्वोत्तम तरीका किशोरावस्था में उनकी पथभ्रष्टता पर प्रतिबन्ध लगाना है। आज का किशोर राष्ट का भावी नागरिक है, उसे एक उत्तरदायी एवं संवेदनशील नागरिक बनाने के लिये प्रेरक वातावरण(conductive environment)उपलब्ध कराना चाहिए। यदि किसी किशोर का पालन-पोषण अस्वास्थकर वातावरण में होता है, तो वह असत्य मानको एवं मूल्यों को आत्मसात(assimilate)कर लेता है। परिणामस्वरुप आगे चलकर उसे सत्य मार्ग का अनुसरण करना एक कठिन कार्य हो जाता है। यह एक सामान्य ज्ञानकीबात हैकी अधिकतर पौढ़ अपराधी अपने किशोरावस्था में कोई न कोई अपराधिक व्यवहार अवश्य किये रहते है, जो एक किशोरावस्था में पलायन के व्यवहार के लिए वह प्रेरित होता है।

जब तक समस्या के कारण का सज्ञान एवं तदात्मिकरण हो जाय, तब तक किशोर समस्या का रोक-थाम नही किया जा सकती है। अत: यह प्रश्न उठना बिल्कुलप्रासंगिक हैकीसामाजिक अनुमोदन(social sanction)अथवा कानून (law) के उल्लंघन के कारण कौन से है---- कारण का अभिज्ञान किये बिना किशोरावस्था एक सामाजिक व्याधि(social disease) नही माना जा सकता।

समस्या के विषय वस्तु के संदर्भ में वस्तुनिष्ठ अथवा वैज्ञानिक प्रदत्त प्राप्त करना एक कठिन कार्य है क्योंकि समस्याकी आवृत्ति एवं परिस्थिति के बारे में अधिक सत्य चित्र उपलब्ध नही है। किशोरावस्था एक महत्वपूर्ण समस्या है जिसके संदर्भ में नागरिकों, समाज सुधारकों, मनोवैज्ञानिकों, मनोचिकित्सकों एवं शिक्षा शास्त्रियों के ही ध्यानकी आवश्यकता नही है, वर्णा राष्ट्रकी औरसे इस दिशा में सार्थक प्रयासकी आवश्यकता है क्योकि समस्या के कारणों का स्वरुप अपेक्षाकृत अधिक जटिल है।

इस सत्य से इन्कार नही किया जा सकताकी सभी देशों के कानून एवं व्यवस्था में द्वारा प्रत्यक्षीकृत किया गया है। समाज में पायी जाने वाली विकृति(disorder) एवं अन्तद्वन्द्व (conflict)ने मानव जीवन को पूर्ण रूप से प्रभावित कर लिया है जिसमें आज के सामाजिक जीवन में सामाजिक तनाव एवं नियमहिनता प्रचुर मात्रा में देखी जा सकती है परिणामस्वरुप सामाजिक मानकों के प्रति विचलन प्राप्त किया जा रहा है।

1.7.1 जैविक कारण:-

जैविक कारकों में अनेक अन्य महत्वपूर्ण जैविक कारक है जो किशोर की समस्यान्मुखता में वृध्दि करते है। नेत्रिय रोग (ocular ailments), किशोरों में चिड़चिड़ाहट (irritability) उत्पन्न करता है जिससे किशोर में अस्त-व्यस्तता औरअशांति (discomfort) पाया जाता है। परिणामस्वरूप किशोर अपने जीवन को सुगम बनाने वाले ज्ञान को अर्जित करने का प्रयास नही करते है (Matza,1969)।नाक और गलेकीसमस्या (nose and throat problem)के कारण किशोर अशक्तता (weakness)और अशांति अनुभव करता है जिससे उसमें किसी कार्य के प्रति आकर्षण का अभाव पाया जाता है और वह विद्यालय से पलायन (truancy)करता है वह नाक साँसनही ले पता है, इसलिए वह मुहँ से सास लेता है। इसलिए किसी कार्य को करते समय अक्षमता (inefficiency)अनुभव करता हैसुनने में कठिनाई होने के कारण अपने को अक्षमसमझने लगता है जिससे उसके कार्य करनेकि योग्यता बाधित होती है, तथा वह दूसरों पर सहायता के लिये निर्भर रहने लगता है जो असामाजिक कार्यों के प्रति उनकी उन्मुखता में वृद्धि करता है। इसी प्रकार वाणी समस्या(speech problem)के कारण भी किशोर समाज में दया(pity)अथवा हास्य (laugh) का पात्र बनता है जो उसमें हीनताकी भावना(feeling of inferiority)को जन्म देता है जिसकी परिणति उसके द्वारा किये गये असामाजिक व्यवहारों के रूप में होती है। असयंतमुत्रता (enuresis)मूत्राशय विकृति के कारण पाया जाता है जिसमें किशोर में अशांति पाई जाती है और वह असामाजिक

कृत्योंकि और अग्रसर हो जाता है। Montague(1941) का मत है रक्त में शर्करा (glucose)के निम्न स्तर के कारण उत्पन्न से मानसिक असंतुलन पाया जाता है जिससे किशोरकीचेतना (consciousness),स्मृति(memory) एवं उन्मुखता (orientation) के स्तर में व्यवधान उत्पन्न हो जाता है जो किशोर को मारपीट(assault) हिंसा (violence)शांति भंग (breach of peace), आत्म-हत्या, नर हत्या(homicide), मध आसक्ति, काम-विकृति(perversion), चोरी, शरारत, आगजनीएवं झूठी निंदा (slander)जैसे- असामाजिक एवं अपराधिक कार्यों के लिये प्रोत्साहित करते है।

1.7.2 गतिशीलता (mobality):-

समाज में पाये जाने वाले अपराध-कारणत्व (crime causation) में गतिशीलता (mobality)कारककी महत्वपूर्ण भूमिका है।औद्योगिकीकरण एवं नगरीकरणकि तीव्र गति ने संचार, माध्यम, यात्रा सुविधा, प्रेस एवं मंच (press and platform)के द्वारा विचारों का प्रसार-प्रसार को बहुत सरल एवं सहज बना दिया है। नये स्थानों पर व्यक्तियों के अजनबी (stranger)होने के कारण उनके पकड़ें जानेकि संभाव्यता कम होती है जिससे उन्हें अपराधिक कार्यों का अवसर अधिक प्राप्त होता है।

1.7.3 सांस्कृतिक अन्तद्वन्द्व (cultural conflicts):-

